दुर्गंध मार रहा जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर

जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर की साफ-सफाई व्यवस्था फिर चरमराई, कलेक्टर की फटकार, ठेकेदार पर बेअसर

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 मई। जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न की साफ-सफाई व्यवस्था फिर से चरमराने लगी है। कलेक्टर के कड़े फटकार के बावजूद संविदाकार पर असर नही पड़ रहा है। आलम यह है कि पूरा अस्पताल परिसर कचरे के चलते बदबू मार रहा है।

दरअसल यहां बताते चले कि पिछले सप्ताह सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह एवं पिछले पखवाड़ा कलेक्टर गौरव बैनल ने जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर का औचक निरीक्षण करते हुये लचर साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर सिविल सर्जन के साथ-साथ कलेक्टर ने संविदाकार को भी जमकर फटकार लगाया। वहीं विधायक ने भी अस्पताल की व्यवस्था बेहतर रखने एवं साफ-सफाई पर जोर देते हुये कहा था कि मरीजो को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो। परंतु विधायक के साथ-साथ कलेक्टर के निर्देशो का जिला चिकित्सालय सह में इतना पालन हो रहा है, वह आज रविवार के दिन का तरो-ताजा उदाहरण है। आलम यह है कि आज शाम करीब 5:30 बजे नवभारत की टीम जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर पहुंची तो, वहां बदबू ही बदबू नजर आ रहा है। जगह-जगह कचरे पड़े हुये दिखे। यहां के कई मरीजो ने बताया कि साफ-सफाई व्यवस्था इन दिनों बिलकुल ठीक नही है। सफाई के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। सफाई संविदाकार दिलचस्पी ही नही दिखा रहा है। जिसके चलते पूरा अस्पताल परिसर दुर्गंध मार रहा है। यहां के मरीजो ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन भी सुस्त है, जिसके चलते यह हालात बन रहे हैं। मरीजो ने इस ओर विधायक एवं कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।

केवल सिर्फ सार्थक लगाने आते हैं कई चिकित्सक

सार्थक के आधार पर ही स्वास्थ्य कर्मियों की पगार मिल रही है। सुबह ड्यूटी टाईम एवं वापस जाते समय यदि सार्थक लगा है, तभी उपस्थिति मानी जाएगी। अन्यथा यदि दिन में एक बार ही सार्थक लगा है तो उस दिन का वेतन कट सकती है। सूत्र बता रहे हैं कि कई चिकित्सक सुबह दो से ढाई घंटे ही ड्यूटी देते हैं और जैसे ही दोपहर के 12:30 बजने लगते हैं, चिकित्सक पीछे के दरवाजे से निकल जाते हैं और शाम के वक्त सिर्फ सार्थक लगाने आते हैं। इक्का-दुक्का ही चिकित्सक शाम के वक्त ओपीडी कक्ष में बैठे नजर आते हैं। चर्चा है कि अधिकांश चिकित्सक अपने क्लीनिक या नर्सिंग होम में चले जाते हैं। चर्चाएं यहां तक है कि इसीलिए के चलते इन दिनों मरीज अस्पताल में मरीज कम नजर आते हैं। उसके पीछे कारण यही बताया जा रहा है कि मरीज आते हैं और चिकित्सको के न रहने से लौट जाते हैं, दलाल उन्हें क्लीनिको की ओर जाने के लिए इशारा करते हैं।

जिला चिकित्सालय में फर्श पर मरीज

जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर के फीमेल वार्ड नम्बर 3 में मरीजो की बाढ़ आई है। आलम यह है कि जिला चिकित्सालय में मरीजो को पर्याप्त बेड न मिलने पर फर्स पर ही इलाज किया जा रहा है। आज ऐसा ही नजारा दिखाई दिया, जहां दो-तीन की संख्या में मरीज फर्स पर ही लेटे हुये थे। बताया जाता है कि उक्त वार्ड में मरीजों की संख्या ज्यादा होने के कारण बेड की संख्या कम होने के चलते फर्स पर इलाज किया है। हालांकि अन्य वार्डो में मरीजो की संख्या कम है और बेड भी खाली है। यहां बताते चले कि इन दिनों सबसे ज्यादा मरीज उल्टी दस्त, बुखार के ज्यादा संख्या में आ रहे हैं। प्रचंड गर्मी एवं हीट वेब का असर पूरे ऊर्जाधानी में है। इन दिनों तापमान 43 डिग्री तक पहुंच रहा है। हालांकि चितरंगी अंचल में शनिवार की दोपहर के वक्त हुई बारिश से गर्मी से कुछ राहत मिली है, लेकिन उमस बढ़ गई है।

सिंगरौली महोत्सव में मुख्यमंत्री के शिरकत करने की संभावनाएं

23 को आमसभा को संबोधित करने की है चर्चा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 मई। सिंगरौली महोत्सव मनाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। इस महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 23 मई को सिंगरौली आ सकते हैं, इसकी संभावनाएं प्रबल दिख रही है। विधायक रामनिवास शाह ने भोपाल में मुख्यमंत्री को आमंत्रण पत्र देते हुये कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए अनुरोध किया है।

दरअसल सिंगरौली जिला गठन 24 मई 2008 को हुआ था। जहां तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने सिंगरौली में आकर इसकी घोषणा किये थे, तब से लेकर कुछ वर्षो को छोड़ दे तो करीब-करीब हर वर्ष सिंगरौली महोत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष सिंगरौली महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शिरकत करने की संभावनाएं प्रबल बताई जा रही है। विधायक ने सिंगरौली महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री को न्योता देते हुये अनुरोध किया है। सूत्र बता रहे हैं कि मुख्यमंत्री का सिंगरौली दौरा कार्यक्रम 23 मई को हो सकता है। 3 बजे बैढ़न में आमसभा को संबोधित कर महोत्सव के रात्रिकालीन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दूसरे दिन जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले के विकास के बारे में चर्चा करेंगे। हालांकि यह अभी अधिकृत रूप से जानकारी नही है।

एक नजर में

विंध्याचल में श्रमदान एवं विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित

विंध्यनगर। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत एनटीपीसी विंध्याचल में व्यापक स्तर पर श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों, सीआईएसएफ कर्मियों, कर्मचारियों, परिवारजनों, यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधियों तथा संविदा हाउसकीपिंग कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान मंदिर परिसर सहित परियोजना के विभिन्न क्षेत्रों में साफ़-सफाई एवं श्रमदान गतिविधियाँ संचालित की गईं।

लापता बालक सीधी से किया गया दस्तयाब

सिंगरौली। मोरवा पुलिस ने क्षेत्र से लापता हुये 13 वर्षीय बालक अरब गुप्ता को दस्तयाब कर लिया। मोरवा पुलिस ने बालक को सीधी से दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार अरब गुप्ता पिता मनीष गुप्ता निवासी गायत्री मंदिर रोड 7 मई की रात करीब 9 बजे मारवाड़ी बारात में जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों की शिकायत पर मोरवा निरीक्षक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने अपराध दर्ज कर बालक की तलाश शुरू की थी। पुलिस के अनुसार बालक पहले बस से रीवा पहुंचा, जिसके बाद वहां से अपनी बुआ के घर सीधी चला गया था।

2500 रुपए ब्लैक में बिक रहा है घरेलू गैस

कॉमर्शियल गैस भी 3600 रुपए का

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 मई। जिले में इन दिनों ब्लैक में घरेलू गैस 2500 एवं कॉमर्सियल गैस 3600 रूपये में मिल रही है। वहीं आरोप है कि जिला खाद्य अमला कलेक्टर के आदेश के बाद भी सुस्त नजर आ रहा है।

दरअसल अमेरिका-ईरान के बीच युद्ध के बाद से ही घरेलू एवं कॉमर्सियल गैस तथा कच्चे तेलो के दामों में जहां बढ़ोत्तरी हुई है, वहीं इसकी कमी भी दिखने लगी है। इसका फायदा बिचौलिया उठा रहे हैं। आलम यह है कि गैस का अवैध कारोबार करने वाले कारोबारियों के इन दिनों अच्छे दिन आ गये हैं।

सूत्र बताते हैं कि जिले में कई जगह गैस के अवैध कारोबारियों के यहां घरेलू एवं कॉमर्सियल गैस कहां से पहुंच रही है, यह अपने आप में ही एक बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। यदि सूत्रों की बात माने तो घरेलू या कॉमर्सियल गैस के किल्लत झेलने वालों को इन दिनों भारी भरकम भुगतान करना पड़ रहा है। घरेलू गैस के लिए 2500 रूपये और कॉमर्सियल गैस के लिए 3600 रूपये खर्च करना पड़ता है, तब कहीं जाकर उन्हें गैस मिलती है। उसके पहले गैस के कालाबाजारी करने वाले कथित दुकानदार इस बात को सुनिश्चित कर लेते हैं कि गैस लेने वालो को आवश्यकता है और काफी पूछ परख के बाद उन्हें गैस दे देते हैं। उन्हें डर भी रहता है कि कहीं मुखबिरी तो नही की जा रही है।

चर्चाएं यहां तक है कि यह खेल शहर के अलावा तहसील क्षेत्र में भी चल रहा है, जहां उपभोक्ताओं के मजबूरी का फायदा कथित कारोबारी उठा रहे हैं।

हालांकि कलेक्टर का सख्त निर्देश है कि खाद्य विभाग सतत निगरानी कर निरीक्षण भी करें। परंतु जिला खाद्य अमला सुस्त पड़ा हुआ है। शिकायत के बाद के ही खाद्य विभाग के अधिकारियों की नींद टूटती है।

चार साल से बिना स्थायी सब रजिस्ट्रार के चल रहा चितरंगी कार्यालय

प्रभार के भरोसे रजिस्ट्री व्यवस्था, जनता बेहाल, 80 से 125 किलोमीटर तक सफर करने को मजबूर खरीदार-विक्रेता

नवभारत न्यूज

चितरंगी 17 मई। चितरंगी क्षेत्र में बीते चार वर्षों से स्थायी सब रजिस्ट्रार की नियुक्ति नहीं होने से आम जनता भारी परेशानियों का सामना कर रही है। चितरंगी सब रजिस्ट्रार कार्यालय पूरी तरह अतिरिक्त प्रभार के भरोसे संचालित हो रहा है।

वर्तमान में बैढ़न के चर्चित सब रजिस्ट्रार के पास चितरंगी के साथ-साथ देवसर क्षेत्र का भी अतिरिक्त प्रभार बताया जा रहा है। ऐसे में भूमियों और संपत्तियों की रजिस्ट्री कराने के लिए खरीदारों और विक्रेताओं को लंबी दूरी तय कर बैढ़न पहुंचना पड़ रहा है। चितरंगी मुख्यालय से बैढ़न की दूरी करीब 80 किलोमीटर है, जबकि दूरस्थ ग्रामीण इलाकों जैसे लमसरई, वर्दी और अन्य अंचलों से आने वाले लोगों को 30 से 40 किलोमीटर अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है। इस तरह कई लोगों को करीब 125 किलोमीटर तक की दूरी तय कर रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि केवल आने-जाने के किराये में ही हजारों रुपये खर्च हो जाते हैं। सबसे बड़ी परेशानी तब होती है जब घंटों सफर तय कर बैढ़न पहुंचने के बाद संपदा पोर्टल या नेटवर्क काम नहीं करता। ऐसी स्थिति में लोगों को बिना रजिस्ट्री कराए खाली हाथ वापस लौटना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि चार वर्षों से यह समस्या लगातार बनी हुई है, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सरकार ने इस दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं की।

ग्रामीणो ने भाजपा सरकार पर लगाया उपेक्षा का आरोप

बैढ़न स्थित सब रजिस्ट्रार कार्यालय को लेकर भी कई गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि कार्यालय में दलालों का खुला बोलबाला है। आरोप है कि चार-पांच दलाल पूरे कार्यालय समय में सक्रिय रहते हैं और खुलेआम दलाली करते हैं। आम लोगों का कहना है कि बिना दलालों के माध्यम से काम कराना बेहद मुश्किल हो गया है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय में यह पूरा खेल संरक्षण में चल रहा है। लोगों का कहना है कि अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अनजान बने हुए हैं। इससे आम जनता को आर्थिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। चितरंगी क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और सामाजिक लोगों ने भाजपा सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया है।

नवीन श्रम संहिताओं के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 17 मई। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा नवीन श्रम संहिताओं के संबंध में जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों, संविदा श्रमिकों, संविदाकारों एवं अन्य के बीच श्रम कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा औद्योगिक संबंधों को सुदृढ़ करना था।

कार्यक्रम में सहायक श्रम आयुक्त राजेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा चारों नवीन श्रम संहिताओं एवं संविदा श्रमिकों को मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। यह कार्यक्रम परियोजना के शहनाई हॉल एवं प्रशासनिक भवन में दो चरणों में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं एसएमसी सदस्यों ने सहभागिता की। संवादात्मक सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा औद्योगिक सौहार्द एवं कर्मचारी कल्याण के प्रति एनटीपीसी विंध्याचल की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।

कोरसर कोठार गांव का ट्रांसफॉर्मर कई महीनों से जला

नवभारत न्यूज

चितरंगी 17 मई। जिले के चितरंगी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरसर कोठार के आनंद गांव में दशरथ जायसवाल के घर के पास लगा ट्रांसफार्मर महीनों से जला पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच बिजली व्यवस्था ठप होने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद कई बार बिजली विभाग को सूचना दी गई, लेकिन अब तक उसे बदला नहीं गया।

40 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली, बच्ची के लापता का मामला

अंतरराज्यीय बस स्टैंड बैढ़न से 15 मई रात पिता के साथ सोते समय गायब हुई दो साल की बच्ची

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 मई। अंतरराज्यीय बस स्टैंड बैढ़न से 15 मई की रात अपने पिता के साथ सो रही दो वर्ष की मासूम बच्ची अचानक लापता हो गई। बच्ची के तलाश के लिए पॉच थानों की पुलिस लगी हुई है, लेकिन 40 घंटे के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं।

गौरतलब है कि ग्राम नगौर चटनिया टोला निवासी अर्जुन सिंह औड़ी मोड़ से अपनी दो वर्षीय बच्ची मनीषा को लेकर घर जाने के लिए बैढ़न आया था। जहां उसके साथ में एक अन्य अनजान व्यक्ति भी औड़ी से ही आया था। बस स्टैंड बैढ़न में बच्ची के साथ अर्जुन एवं अनजान व्यक्ति भी सो गये। आधी रात को जब अर्जुन की नींद टूटी तो बच्ची और अनजान व्यक्ति भी गायब था। घटना की सूचना कोतवाली बैढ़न पुलिस को दी गई, जहां पुलिस रात भर तलाश की, उस दौरान एसपी एवं एएसपी के निर्देश पर पॉच थानों की पुलिस बच्ची को तलाशने में लग गई, लेकिन करीब 40 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। सूत्र बता रहे हैं कि कुछ सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं।

सीसीटीव्ही कैमरे के माध्यम से मिला कुछ सुराग

गौरतलब है कि पुलिस के द्वारा उच्च क्वालिटी के सीसीटीव्ही कैमरे लगवाने का दावा किया है और यह भी दावा किया है कि सभी कैमरे ठीकठाक चल रहे हैं। परंतु बस स्टैंड जैसे संवेदनशील जगह में सीसीटीव्ही कैमरे लगाए गये हैं तो इससे बेहतर फुटेज क्यों नही मिला? दुकानों में लगे व्यापारियों के सीसीटीव्ही कैमरे के सहारे लापता बालिका को खंगाल रही है। सूत्र बता रहे हैं कि बिलौंजी-कचनी तक पुलिस को कुछ सुराग मिले हैं और इसी के आधार पर बच्ची मनीषा को तलाशने में पुलिस लगी हुई है। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने उक्त घटना को काफी गंभीरता से लिया है और बच्ची को सकुशल बरामद करने हर संभव कोशिश में लगी हुई है।

शिक्षा ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की आधारशिला है : इंदु

नवभारत न्यूज

अनपरा 17 मई। दिशिता महिला मंडल रेनुसागर द्वारा प्राथमिक पाठशाला रेनुसागर में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के 101 छात्र-छात्राओं को विद्यालयी बैग वितरित किए गए।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह एवं आनंद का वातावरण देखने को मिला। दिशिता महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्या इंदू सिंह ने बच्चों को बैग वितरित किए। उनके साथ निशा पांडेय एवं दिशिता महिला मंडल की सचिव तूलिका श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सदस्याएँ भी उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति समर्पित रहने तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बैग प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। छात्र-छात्राओं ने महिला मंडल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अत्यंत प्रसन्नता प्रकट की। दिशिता महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्या इंदू सिंह ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की आधारशिला है।

भाविप का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

शक्तिनगर 17 मई। गाजियाबाद, क्रॉसिंग रिपब्लिक, भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा क्रॉसिंग रिपब्लिक द्वारा पैरामाउंट सिंफनी के क्लब हाउस में ओम राजपूत की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया,.

जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश विकास रत्न प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष कवित बंसल, प्रांतीय महासचिव मुक्ता अग्रवाल, प्रांतीय वित्त सचिव राम प्रवेश गुप्ता, प्रांतीय उपाध्यक्ष लोकेश शर्मा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा के अध्यक्ष ओम राजपूत के स्वागत उद्बोधन से हुआ, तत्पश्चात उन्होंने कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

शिविर में एक सैकड़ा से अधिक दाताओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने की सराहना, बोले सबसे बड़ा दान रक्तदान, ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 मई। ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में सर्व समाज के सहयोग से आज रविवार को मिश्रा पाली क्लीनिक एंड नर्सिंग होम, बैढ़न में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में प्रौढ़, महिलाएं एवं युवक-युवतियों के साथ-साथ दम्पत्तियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न संगठनों के लोगों ने उत्साहपूर्वक पहुंचकर रक्तदान किया। देर शाम तक रक्त दाताओं की संख्या एक सैकड़ा पहुंच गई थी और यह सिलसिला जारी था। कार्यक्रम में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने भगवान परशुराम जी के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया।

इसके पहले भाजपा नेता गिरीश द्विवेदी, रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एसडी सिंह, सचिव डॉ. ओपी राय के अलावा डॉ. आरडी द्विवेदी, डॉ. डीके मिश्रा, गोविन्द पाण्डेय, समाजसेवी अमित द्विवेदी, डॉ. आरडी पाण्डेय, इंजी. आशीष शुक्ला, कार्यक्रम संचालक शिवेन्द्र पाण्डेय सहित अन्य ने कार्यक्रम शुरूआत किया।

सामाजिक कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी हैं : रामनिवास

कार्यक्रम के दौरान सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह भी उपस्थित हुए। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और ऐसे सामाजिक कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। विधायक ने ब्राह्मण समाज एवं सर्व समाज के लोगों द्वारा किए जा रहे इस पुनीत कार्य की प्रशंसा करते हुए आयोजन को निरंतर जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर समाजसेवियों एवं अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। यहां बताते चले कि सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर का शुरूआत हुआ था। जहां देर रात तक यह कार्यक्रम चलता रहा। देर शाम तक स्वैच्छिक रक्तदाताओं की संख्या 112 से ऊपर पहुंच गई थी। शिविर के आयोजक ने कहा कि यह आंकड़ा और भी ज्यादा पहुंचने की संभावना है।